प्रभु कर सब दुख दूर हमारे भजन लिरिक्स

प्रभु कर सब दुख दूर हमारे,
शरण पड़े हम दास तुम्हारे।bd।

देखे – मुझे है काम ईश्वर से।

सकल जगत तुमने उपजाया,
तुम प्रति पालन हारे,
प्रभु कर सब दुख दूर हमारें,
शरण पड़े हम दास तुम्हारे।bd।

सकल व्यापक अंतरयामी,
ध्यावत सुर नर मुनिगण सारे,
प्रभु कर सब दुख दूर हमारें,
शरण पड़े हम दास तुम्हारे।bd।

नाम तुम्हारो सब सुखदायक,
सकल दोष भयो पाप निवारे,
प्रभु कर सब दुख दूर हमारें,
शरण पड़े हम दास तुम्हारे।bd।

सतचित आनन्द रूप तुम्हारो,
'ब्रह्मानन्द' सदा मन धारे,
प्रभु कर सब दुख दूर हमारें,
शरण पड़े हम दास तुम्हारे।bd।

प्रभु कर सब दुख दूर हमारे,
शरण पड़े हम दास तुम्हारे।bd।

रचना – श्री ब्रह्मानन्द जी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com